# अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली बैठक

## चर्चा में क्यों?

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 2 से 5 अक्तूबर, 2018 तक नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) की पहली बैठक तथा हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ (Indian Ocean Rim Association -IORA) के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों और वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश (Renewable Energy Investment Meeting and Expo- REINVEST- 2018) की दूसरी बैठक तथा एक्सपो 2018 का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरेस की उपस्थिति में एक साथ इन तीनों आयोजनों की शुरुआत की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सौर ऊर्जा से संपन्न देशों का एक संधि आधारित अंतर-सरकारी संगठन (Treaty-based International Intergovernmental Organization) है।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत भारत और फ्राँस ने 30 नवंबर, 2015 को पेरिस जलवायु सम्मेलन के दौरान की थी।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन कर्क और मकर रेखा के मध्य आंशिक या पूर्ण रूप से अवस्थित 121 सौर संसाधन संपन्न देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
- इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में है।
- ISA के प्रमुख उद्देश्यों में 1000 गीगावाट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की वैश्विक तैनाती और 2030 तक सौर ऊर्जा में निवेश के लिये लगभग $1000 बिलियन की राशि को जुटाना शामिल है।
- नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली बैठक में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया।
- इसमें लोगों को सौर ऊर्जा किफायती दर पर उपलब्ध कराए जाने की कोशिशों पर भी विचार किया गया।
- बैठक में सौर ऊर्जा से संबंधित वित्तीय, प्रशासनिक और क्रियान्वयन संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

## हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ (IORA)

- IORA एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका गठन हिंद महासागर क्षेत्र के देशों में सहयोग बढ़ाने और सतत् विकास के लिये मिलकर प्रयास करने के उद्देश्य से किया गया है।
- इसमें भारत सहित हिंद महासागर के तटवर्ती 21 देश एवं 7 वार्ता साझेदार शामिल हैं।
  इन 21 देशों में भारत, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, इंडोनेशिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक, केन्या, श्रीलंका, तंजानिया, सिंगापुर, मॉरीशस, मेडागास्कर, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सेशेल्स, सोमालिया, कोमरॉस और ओमान शामिल हैं।
- इसकी औपचारिक शुरुआत मार्च 1997 में हुई एवं इसकी स्थापना की 20वीं वर्षगाँठ पर 5-7 मार्च, 2017 को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में इसके पहले शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

## री-इन्वेस्ट एक्सपो

- दूसरे री-इन्वेस्ट एक्सपो का आयोजन विभिन्न संगठनों को उनकी कारोबारी दक्षता, उपलब्धियों और अपेक्षाओं को दर्शाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।
- इसके ज़रिये देश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच परस्पर समन्वय को सुगम बनाने की कोशिशों पर ज़ोर दिया गया।
- एक्सपो में ISA और IORA के सदस्य देशों के अलावा दुनिया भर के 600 से ज़्यादा उद्योगपतियों और 10,000 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## उपरोक्त बैठकों के परिणाम

- IORA और ISA ने संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- हरियाणा सरकार ने ISA की भागीदारी में अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की स्मृति में सौर पुरस्कार की घोषणा की।

- फ्राँस की वकिास एजेंसी और भारतीय सौर ऊर्जा नगिम के मध्य सौर ऊर्जा में नवीकरण के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कयिे गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-assembly-of-isa-second-ministerial-of-iora-and-second-reinvest-meet